मासिक घटनाक्रम संग्रह

अक्टूबर 2019



HindvanshiEducation.com

- नीति आयोग ने स्कूली शिक्षा गुणवत्ता सूचकांक (School Education Quality Index) रैंकिंग जारी की।

  रैंकिंग के अनुसार 20 बड़े राज्यों में केरल प्रथम स्थान पर जबकि उत्तर प्रदेश अंतिम स्थान पर रहा।

  'स्कूली शिक्षा गुणवत्ता सूचकांक' सीखने की प्रक्रिया, लैंगिक समानता, बुनियादी ढाँचे की सुविधाओं आदि के आधार पर राज्यों का आकलन करता है।

- त्रिपुरा उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने राज्य के मंदिरों में जानवरों और पक्षियों की बलि देने की परंपरा पर प्रतिबंध लगा दिया।

  न्यायालय ने सरकार को संवैधानिक मूल्यों और सभी जानवरों एवं पक्षियों के प्रति करुणा, प्रेम, मानवता के महत्त्व के बारे में लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया।

- 1 अक्टूबर 2019 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' मनाया गया।

  अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 2019 का मुख्य विषय 'The Journey to Age Equality' है।

- पहली बार शोधकर्ताओं ने ब्लैक होल द्वारा ब्रह्माण्डीय उथल-पुथल (कॉस्मिक कैटक्लिज्म) के तहत एक तारे को टूटते हुए देखा है।

  ब्लैक होल द्वारा किसी तारे को खींचकर खुद में समा लेने की इस प्रक्रिया को 'ज्वारीय विघटन' (टाइडल डिसरप्शन) कहते हैं।

  इस विनाशकारी खगोलीय घटना को नासा के ग्रहीय खोज के लिए भेजे गए उपग्रह ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट (TESS) के द्वारा अवलोकित किया गया।

हिन्दवंशी

- रेल मंत्रालय के द्वारा कराए गए 'रेलवे स्वच्छता सर्वेक्षण' के अनुसार देशभर के 720 रेलवे स्टेशनों में जयपुर रेलवे स्टेशन पहले स्थान पर, जोधपुर रेलवे स्टेशन दूसरे स्थान पर और दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन तीसरे स्थान पर है।

- इक्वाडोर ने आंतरिक वित्तीय समस्याओं के कारणों का हवाला देकर 1 जनवरी 2020 से ओपेक समूह की सदस्यता छोड़ने का निर्णय लिया है।

  ओपेक पेट्रोलियम निर्यातक देशों का एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसका मुख्यालय वियना, ऑस्ट्रिया में स्थित है।

  इसमें कुल 14 सदस्य देश सऊदी अरब, अल्जीरिया, ईरान, ईराक, कुवैत, अंगोला, ईक्वाडोर, संयुक्त अरब अमीरात, नाइजीरिया, लीबिया, वेनेजुएला, गबोन, गिनी तथा कांगो हैं।

- नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन के द्वारा मुंबई के बांद्रा वर्ली सीलिंक के पास अरब सागर में भारत का पहला फ्लोटिंग बास्केटबॉल कोर्ट आरंभ किया गया है।

  एनबीए इंडिया की घोषणा के अनुसार देश में पहला एनबीए गेम अक्टूबर में मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

- भारतीय सेना और मालदीव की नेशनल डिफेंस फोर्स के बीच महाराष्ट्र के पुणे के औंध मिलिट्री स्टेशन में दसवां संयुक्त सैन्य अभ्यास 'एक्यूवरिन' का आयोजन किया जाएगा।

  इसमें संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था के अनुरूप एक अर्द्ध-शहरी वातावरण में उग्रवाद रोधी और आतंकवाद निरोधी अभियानों को अंजाम देने के लिए दोनों सेनाओं के बीच परस्पर सक्रियता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

- विश्व आर्थिक मंच के 'भारत आर्थिक शिखर सम्मेलन' का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा।

  इस सम्मेलन में भारत सहित 40 देशों के 800 से ज्यादा कंपनी जगत की शीर्ष हस्तियां और विशेषज्ञ भाग लेंगे।

  विश्व आर्थिक मंच का 33 वां भारत आर्थिक शिखर सम्मेलन 'भारत के लिए नवाचार: दक्षिण एशिया को मजबूती, दुनिया पर प्रभाव' थीम पर आधारित है।

- भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास का 14वां संस्करण 'नोमेडिक एलीफैंट-14' हिमाचल प्रदेश के बाकलोह में आयोजित किया जाएगा।

  इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था के तहत उग्रवाद रोधी और आतंकवाद निरोधी अभियानों हेतु सैनिकों को प्रशिक्षित करना है।

- विश्व पशु दिवस 4 अक्टूबर 2019 को दुनिया भर में मनाया गया।

  इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में जानवरों की स्थिति में सुधार लाना और उसे बेहतर बनाना है।

- भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी हरमनप्रीत कौर 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।

  वह महिला और पुरुष दोनों वर्गों में यह मुकाम हासिल करने वाली पहली भारतीय हैं।

  हरमनप्रीत के बाद महेंद्र सिंह धौनी और रोहित शर्मा हैं जिन्होंने कुल 98 मैच खेले हैं।

- विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता सूचकांक-2019 (Global Competitiveness Index 2019) में भारत को 141 देशों की सूची में 68वां स्थान प्राप्त हुआ है।

हिन्दवंशी

वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता सूचकांक 2019 में भारत 2018 के 58वें स्थान की तुलना में 10 स्थान नीचे खिसक गया है।

इस सूचकांक में सिंगापुर को पहला, अमेरिका को दूसरा तथा हॉन्गकॉन्ग को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

- केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नवीन शिक्षण कार्यक्रम- ध्रुव (Pradhan Mantri Innovative Learning Programme) का शुभारंभ किया।

  इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराना तथा उन्हें समाज के लिए योगदान देने के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

  इस कार्यक्रम में दो क्षेत्र विज्ञान और कला प्रदर्शन शामिल हैं, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र में 30 छात्र को चयनित कर उन्हें उनकी प्रतिभा को निखारने का मौका प्रदान किया जाएगा।

- केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय तथा कोयला मंत्रालय ने संयुक्त रूप से बिजली समस्या से निपटने हेतु 'PRAKASH' नामक पोर्टल लॉन्च किया है।

  सरकार ने बिजलीघरों को कोयले की बेहतर उपलब्धता को लेकर सभी संबद्ध पक्षों के बीच बेहतर तालमेल बनाने हेतु यह पोर्टल जारी किया है।

  PRAKASH पोर्टल खदानों से लेकर ढुलाई तथा बिजली घरों तक में कोयले की उपलब्धता के बारे में सही जानकारी प्रदान करेगा।

- पुरे विश्वभर में 05 अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है।

  इस साल के विश्व शिक्षक दिवस की थीम 'युवा शिक्षक: व्यवसाय के भविष्य' (Young Teachers: The future of the Profession) है।

- पर्यावरणविद् एवं गांधीवादी नेता चंडी प्रसाद भट्ट को राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव के लिए प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2017-2018 के लिए चुना गया है।

  चंडी प्रसाद भट्ट ने चिपको आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने नई दिल्ली में "डब्ल्यूएचओ भारत देश सहयोग रणनीति 2019-2023: परिवर्तन का समय" लॉन्च किया।

  इसका उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र के लक्ष्यों को प्राप्त करना, लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव लाना है।

हिन्दवंशी

डब्ल्यूएचओ के साथ रणनीतिक सहयोग के लिए चार क्षेत्रों की पहचान की गई है जिसमें यूएचसी कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाना, स्वास्थ्य व आरोग्य को प्रोत्साहन देना, स्वास्थ्य आपात की स्थिति में लोगों की रक्षा करना और स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत करना शामिल है।

- तुर्की ने उत्तरी सीरिया के कुर्दिश लड़ाकों के विरुद्ध सैन्य अभियान 'ऑपरेशन पीस स्प्रिंग' के तहत सैन्य कार्रवाई शुरू की है।

- कोमोरोस के राष्ट्रपति ने भारतीय उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर आफ द ग्रीन क्रिसेंट' से सम्मानित किया।

- अटल इनोवेशन मिशन (AIM), नीति आयोग (NITI Aayog) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ने संयुक्त रूप से युथ को. लैब का शुभारंभ किया।

  इसका उद्देश्य युवा नेतृत्व, नवाचार और सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है।

- केंद्र सरकार के द्वारा मिजोरम के आइजोल में नॉर्थ ईस्ट हैंडलूम और हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

- भारत और बांग्लादेश ने अपने संबंधों को विस्तार देते हुए कुल सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

  इनमें से तीन मुख्य परियोजनाएँ बांग्लादेश से LPG का आयात, बांग्लादेश की राजधानी ढाका के रामकृष्ण मिशन में विवेकानंद भवन का निर्माण तथा बांग्लादेश-भारत पेशेवर कौशल विकास संस्थान की स्थापना करना है।

- मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष 10 अक्टूबर को पूरी दुनिया में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

  विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2019 की थीम 'आत्महत्या की रोकथाम' (Suicide Prevention) है।

- C-40 जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन का आयोजन डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में किया जाएगा।

  दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को C-40 जलवायु सम्मेलन में शामिल होने के लिए विदेश मंत्रालय ने मंजूरी नहीं दी।

हिन्दवंशी

- भारत का प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सहकारी व्यापार मेला नई दिल्ली में शुरू हुआ।

  यह मेला सहकारी समितियों के उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नीदरलैंड के वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन के साथ मिलकर 'लोटस' (Local Treatment of Urban Sewage Streams for the Healthy Reuse: LOTUS-HR) कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ किया।

  इसमें प्रतिदिन दस हज़ार लीटर सीवेज जल का उपचार किया जाएगा।

  लोटस कार्यक्रम 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय' के जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा नीदरलैंड के वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन (Netherlands Organization for Scientific Research) के द्वारा संयुक्त रूप से 2017 में शुरू किया गया था।

- इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली को 2019 का प्रतिष्ठित नोबेल शान्ति पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

  उन्हें उनके शांति प्रयासों खासकर पड़ोसी देश इरिट्रिया के साथ सीमा विवाद को हल करने में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

  उन्हें इथियोपिया का नेल्सन मंडेला भी कहा जाता है।

- विश्वभर में प्रत्येक साल 15 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस मनाया जाता है।

  अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य कृषि विकास, ग्रामीण विकास, खाद्य सुरक्षा तथा ग्रामीण गरीबी उन्मूलन में ग्रामीण महिलाओं के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना हैं।

  अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस 2019 का विषय 'Rural Women and Girls Building Climate Resilience' है।

- अभिजीत बनर्जी, एस्थर डुफलो और माइकल क्रेमर को वैश्विक गरीबी खत्म करने के प्रयोग के उनके शोध हेतु नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

  अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी से पहले हार्वर्ड में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर अमर्त्य सेन को साल 1998 में यह सम्मान दिया गया था।

- पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

हिन्दवंशी

- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को दो केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने वाले राजपत्र पर हस्ताक्षर किया।

  देश की एकता के प्रतीक सरदार पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राज्य के पुर्नगठन के प्रभाव में आने की तारीख 31 अक्टूबर तय की गई।

- भारत ऊर्जा मंच के द्वारा 11वें परमाणु ऊर्जा सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।

  सम्मेलन का उद्देश्य भारत में परमाणु ऊर्जा के विकास, परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल तथा परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा संबंधी विषयों पर जागरूकता बढ़ाना था।

- भारत और जापान की सेनाओं के बीच द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास का दूसरा संस्करण 'धर्म गार्जियन- 2019' मिजोरम के वैरेंगटे स्थित काउंटर इन्सर्जेंसी एंड जंगल वारफेयर स्कूल में संपन्न हुआ।

  धर्म गार्जियन इन दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग सहित सामरिक संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए 2018 में शुरू किया गया था।

  धर्म गार्जियन- 2018 भी भारत के मिज़ोरम राज्य में ही आयोजित किया गया था।

- सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के क्षेत्र में दिए जाने वाले यूनेस्को एशिया प्रशांत पुरस्कार के लिए भारत के कुल चार स्थानों को चुना गया है।

  इस पुरस्कार के लिए जिन चार स्थानों का चयन किया गया है उनमें अहमदाबाद स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान का विक्रम साराभाई पुस्तकालय तथा मुम्बई के फ्लोरा फाउंटेन, केनेसेठ इलियाहू सिनेगाग और ग्लोरी चर्च शामिल हैं।

- भुखमरी के हालात का विश्लेषण करने वाली गैर सरकारी अंतरराष्ट्रीय संस्था 'इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार 117 देशों के 'वैश्विक भूख सूचकांक' (ग्लोबल हंगर इंडेक्स) में भारत 102वें स्थान पर है।

  यह दक्षिण एशियाई देशों का सबसे निचला पायदान है।

  वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2018 में भारत 119 देशों की सूची में 103वें स्थान पर था।

- विश्व समुदाय में गरीबी दूर करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 17 अक्टूबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस' मनाया गया।

  अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस 2019 का मुख्य विषय 'गरीबी खत्म करने के लिए बच्चों, उनके परिवारों और समुदायों के साथ मिलकर कार्य करना' (Acting Together to Empower Children, their families and Communities to End Poverty) है।

हिन्दवंशी

- चौथे आसियान-भारत व्यापार सम्मेलन (4th ASEAN- India Business Summit) का आयोजन मनीला, फिलीपींस में किया गया।

  सम्मेलन का उद्देश्य आसियान देशों तथा भारत के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देना है।

  आसियान समूह में कुल 10 राष्ट्र ब्रुनेई, कम्बोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यान्मार, फ़िलीपीन्स, सिंगापुर, थाईलैण्ड तथा वियतनाम शामिल हैं।

- जर्नल नेचर जियोसाइंस (journal Nature Geoscience) में प्रकाशित लेख के अनुसार करीब तीन अरब साल पहले मंगल ग्रह के गेल क्रेटर में नामक की झीलें मौजूद थीं।

  मंगल ग्रह पर गेल क्रेटर का निर्माण लगभग 3.6 अरब साल पहले एक उल्का के गिरने से हुआ था।

- विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित में महिलाओं की कम हिस्सेदारी को देखते हुए केंद्र सरकार ने छात्राओं में इन क्षेत्रों के प्रति रुचि विकसित करने और इन विषयों के अध्ययन के लिए किसी शीर्ष संस्थान में पहुंचने पर उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'विज्ञान ज्योति योजना' की शुरुआत की है।

  इस योजना के माध्यम से साल 2020-2025 तक 550 ज़िलों में 100 छात्राओं को उनके प्रतिशत के आधार पर चयनित कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा।

  इस योजना के अंतर्गत छात्राओं के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में विज्ञान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

हिन्दवंशी

- नीति आयोग के द्वारा जारी 'इंडिया इनोवेशन इंडेक्स' में कर्नाटक पहले स्थान पर, तमिलनाडु दूसरे स्थान पर तथा महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर है।

  वैश्विक इनोवेशन इंडेक्स की तर्ज पर तैयार इंडिया इनोवेशन इंडेक्स में 17 बड़े राज्यों की सूची में झारखंड अंतिम स्थान पर है।

- भारत और अमेरिका के बीच होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास ‘वज्र प्रहार’ के 10वें संस्करण का आयोजन अमेरिका के सिएटल स्थित लुईस-मैककॉर्ड में शुरू हुआ।

  ‘वज्र प्रहार’ संयुक्त सैन्य अभ्यास 2018 जयपुर में आयोजित हुआ था।

- रसायन विज्ञान के क्षेत्र में वर्ष 2019 का नोबेल पुरस्कार जॉन बी. गुडइनफ, एम. स्टैनले व्हिटिंगम एवं अकीरा योशिनो को लीथियम आयन बैटरी के विकास हेतु प्रदान किया जाएगा।

- विश्व बैंक के द्वारा जारी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस- 2019 (Ease of Doing Business) रैंकिंग के अनुसार भारत पिछले साल के 77वें रैंक की तुलना में 14 पायदान की छलांग लगाकर 63वें स्थान पर पहुंच गया है।

  ईज ऑफ डूइंग बिजनेस- 2019 के अनुसार कुल 190 देशों की सूची में न्यूज़ीलैंड पहले स्थान पर है।

  रिपोर्ट में किसी कारोबार को शुरू करना, कंस्ट्रक्शन परमिट, क्रेडिट मिलना, छोटे निवेशकों की सुरक्षा, टैक्स देना, विदेशों में व्यापार, कॉन्ट्रैक्ट लागू करना, कंस्ट्रक्शन परमिट से निपटना, बिजली प्राप्त करना, संपत्ति का पंजीकरण करना, अल्पसंख्यक निवेशकों की रक्षा करना और दिवालिया शोधन प्रक्रिया को आधार बनाया जाता है।

- चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली के बीच 'ट्रांस-हिमालयन कनेक्टिविटी नेटवर्क' को लेकर समझौता हुआ है।

  ट्रांस-हिमालयन कनेक्टिविटी नेटवर्क नेपाल को चीन के प्रोजेक्ट द बेल्ट एंड रोड इशिनिएटिव (BRI) से लिंक करेगी।

- केंद्र सरकार द्वारा केरल सरकार के निजी शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को भी मातृत्व अवकाश दिए जाने के अनुरोध को मंज़ूरी प्रदान की गई है।

  इस नियम के परिणामस्वरूप निजी शिक्षण संस्थाओं की शिक्षिकों और अन्य कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश का लाभ प्रदान करने वाला केरल देश का पहला राज्य बन गया है।

  मातृत्व अवकाश के अधिनियम के अनुसार नियोक्ता को महिलाओं को 26 हफ्ते का सवैतनिक अवकाश और चिकित्सकीय ज़रूरतों के लिए 1000 रुपये देने होंगे।

- वार्षिक शिरुई लिली उत्सव 2019 का आयोजन मणिपुर के उखरुल नामक स्थान पर किया जाएगा।

- गुटनिरपेक्ष आंदोलन Non-Aligned Movement (NAM-18) शिखर सम्मेलन 2019 का आयोजन बाकू, अजरबैजान में होगा।

  17 वां NAM शिखर सम्मेलन 2016 में वेनेजुएला के मार्गारीटा द्वीप पर आयोजित किया गया था।

- राजस्थान के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में चौथा आयुर्वेद दिवस आयोजित किया जाएगा।

  इस संस्थान में धनवंतरी पूजन और ‘राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार-2019’ समारोह आयोजित किया जाएगा।

  भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने 2016 से प्रत्येक वर्ष धनवंतरी जयंती (धनतेरस) के दिन आयुर्वेद दिवस मनाने का निर्णय लिया था।

- देश की आजादी की प्लेटिनम जुबली यानी 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में इंटरपोल साल 2022 में अपनी आमसभा का आयोजन भारत में करेगा।

  इससे पहले साल 1997 में अबतक एक ही बार भारत में इंटरपोल की आमसभा का आयोजन हुआ है।

  इंटरपोल (अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन) एक अंतर सरकारी संगठन है जिसमें भारत समेत 194 सदस्य देश हैं।

- संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) ने भारत में भूख और कुपोषण के विरुद्ध जागरुकता लाने तथा कदम उठाने के उद्देश्य से विज्ञापन अभियान 'फीड अवर फ्यूचर' की शुरूआत की है।

  यह एक एड कैंपेन है जिसके जरिये भूख और गरीबी के शिकार बच्चों को दिखाकर भूख और कुपोषण के विरुद्ध जागरुकता लाने की कोशिश की जाएगी।

- केंद्र सरकार ने गुजरात कैडर के IAS अधिकारी गिरीश चंद्र मुर्मू को जम्मू-कश्मीर का उपराज्यपाल बनाया है।

- विश्व आर्थिक मंच (WEF) की तर्ज पर सऊदी अरब में 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव' (रेगिस्तान का दावोस) सम्मेलन के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा।

  फ्यूचर इनवेस्टमेंट इनिशिएटिव सम्मेलन सऊदी अरब के रियाद शहर में आयोजित होने वाला एक सालाना निवेश मंच है जिसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था और निवेश वातावरण के ट्रेंड पर चर्चा होती है।

  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'रेगिस्तान का दावोस' सम्मेलन के दौरान सऊदी अरब सहित दुनियाभर के निवेशकों को भारत में निवेश का न्योता दिया।

- सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी राधाकृष्ण माथुर ने लद्दाख के पहले उपराज्यपाल के तौर पर शपथ ग्रहण की।

- सरकार ने घाटे में चल रही सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियों बीएसएनएल और एमटीएनएल के लिए 68,751 करोड़ रुपये के पुनरुद्धार योजना को मंजूरी प्रदान की है।

  इसमें एमटीएनएल का बीएसएनएल में विलय, कर्मचारियों के लिये स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) और 4 जी स्पेक्ट्रम आवंटन शामिल है।

- न्यायमूर्ति शरद अरविंद बोबडे को देश का 47वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

हिन्दवंशी

- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन-आईएसए की दूसरी सभा का आयोजन किया जाएगा।

- राज्य में बालिकाओं का सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' लॉन्च की है।

  इस योजना के तहत किसी भी परिवार में बालिका के जन्म पर प्रत्येक परिवार को 15,000 रुपये प्रदान किये जाएँगे।

- भारत एवं फ्रांस की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अभ्यास शक्ति' (Exerise Shakti)-2019 का आयोजन राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में किया जाएगा।

  भारत और फ्रांस के सेनाओं बीच आयोजित इस द्विवार्षिक युद्धाभ्यास की शुरुआत वर्ष 2011 में हुई थी।

- सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में भारत में प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है।

  वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की थी।

हिन्दवंशी

तमसो मा ज्योतिर्गमय
हिन्दवंशी
HINDVANSHI
HindvanshiEducation.com